दैनिक जागरण 04/11/2025

# कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा एआइ टूल का इस्तेमाल

**अंबाला • विज्ञप्ति :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा फ्राम क्लिक्स टू क्रिएटिविटी : इनोवेशन थ्रू आइसीटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन तनवीर सिंह, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक, आइआइटी बांबे द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशल के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा आइसीटी और एआइ जैसे विभिन्न टूल के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी और उनसे यह करवाकर भी देखा। तनवीर सिंह ने बताया कि इन प्लेटफार्म के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता, उत्पादकता और सहभागिता को नए स्तर तक ले जा सकते हैं।



जीएमएन कालेज में अतिथि को सम्मानित करते हुए • विज्ञप्ति